1. **भारत में स्वर्ण क्रांति के जनक के रूप में किसे जाना जाता है?**
(A) वर्गीज कुरियन
(B) एम. एस. स्वामीनाथन
(C) एन. वी. राव
(D) निरपख टुटेज [D]

2. **चमकदार तीव्रता की मूल इकाई क्या है?**
(A) वाट (B) लुमेन
(C) कैंडेला (D) लक्स [C]

3. **DNS का विस्तृत रूप है**
(A) डिजिटल नेम सिस्टम (B) डेटा नेम सर्वर
(C) डेटा नेविगेशन स्कीम (D) डोमेन नेम सिस्टम [D]

4. **पहचान की चोरी में शामिल है**
(A) मीम पेज बनाना
(B) व्यक्तिगत लाभ के लिए किसी की पहचान का उपयोग करना
(C) मज़ेदार तस्वीरें साझा करना
(D) अवैध रूप से संगीत डाउनलोड करना [B]

5. **विकिपीडिया किस प्रकार का विश्वकोश है ?**
(A) केवल प्रिंट विश्वकोश
(B) एक खुला विश्वकोश जो उपयोगकर्ता को संपादन की अनुमति देता है
(C) एक विशेष वैज्ञानिक विश्वकोश
(D) एक सशुल्क विश्वकोश [B]

6. **भारतीय संविधान के प्रारूप समिति का अध्यक्ष कौन थे?**
(A) जवाहरलाल नेहरू
(B) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
(C) महात्मा गांधी
(D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद [B]

7. **निम्नलिखित प्राचीन नामों को राजस्थान में उनके अंतर्गत आने वाले वर्तमान क्षेत्रों से सुमेलित करें।**

| प्राचीन नाम | वर्तमान क्षेत्र |
|---|---|
| a. मरू | 1. जोधपुर |
| b. जंगल देश | 2. अलवर |
| C. मत्स्य | 3. धौलपुर-करौली |
| d. शूरसेन | 4. बीकानेर |

(A) a - 1 b – 4 c – 3 d - 2
(B) a - 4 b – 1 c – 2 d - 3
(C) a - 4 b – 3 c - 1 d - 2
(D) a - 1 b - 4 c - 2 d - 3 [D]

8. **एक दिन, नीता घर से निकली और दक्षिण की ओर 10 किलोमीटर साइकिल चलायी। दाएँ मुड़कर 5 किलोमीटर साइकिल चलायी और दाएँ मुड़कर 10 किलोमीटर साइकिल चलायी और बाएँ मुड़कर 10 किलोमीटर साइकिल चलायी। सीधे अपने घर पहुँचने के लिए उसे कितने किलोमीटर साइकिल चलानी होगी ?**
(A) 20 किलोमीटर (B) 10 किलोमीटर
(C) 25 किलोमीटर (D) 15 किलोमीटर [D]

9. **एक वेबसाइट निम्नलिखित का संग्रह है**
(A) वेब पेज (B) लोकल एरिया नेटवर्क
(C) चैट ग्रूप्स (D) ईमेल [A]

10. **राजस्थान में कितनी बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया है ?**
(A) पाँच बार (B) तीन बार
(C) चार बार (D) दो बार [C]

11. **ENIAC का विस्तृत रूप क्या है ?**
(A) इलेक्ट्रिकल न्यूमेरिकल इंटीग्रेटेड एनालिटिकल कंप्यूटर
(B) इलेक्ट्रॉनिक न्यूमेरिकल इंटीग्रेटर एण्ड कंप्यूटर
(C) इलेक्ट्रिकल न्यूमेरिक इंटरएक्टिव ऑटोमेटेड कंप्यूटर
(D) इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्कड इंटेलिजेंट ऑटोमैटिक कैलकुलेटर [B]

12. **राजस्थान के लोकप्रिय लोक देवता तेजाजी (वीर तेजा) का जन्म नागौर जिले के किस गाँव में हुआ था ?**
(A) ददरेवा (B) रामदेबरा
(C) खरनाल (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं [C]

13. **गूगल सर्च और माइक्रोसॉफ्ट विंग अपने खोज परिणामों को बेहतर बनाने के लिए क्या करते हैं ?**
(A) वे केवल उपयोगकर्ता की प्रतिक्रिया पर निर्भर करते हैं
(B) वे लगातार अपने एल्गोरिदम को परिष्कृत करते रहते हैं
(C) वे केवल दृश्य सामग्री पर ध्यान केंद्रित करते हैं
(D) वे एक ही एल्गोरिदम का उपयोग करते हैं [B]

14. **यदि नेहा कहती है, "प्रियंका के पिता ओमवीर मेरे ससुर चंद्रपाल के इकलौते पुत्र हैं", तो प्रियंका की बहन रुचि चंद्रपाल से किस प्रकार संबंधित है ?**
(A) भतीजी (B) पत्नी
(C) बेटी (D) इनमें से कोई नहीं [D]

15. **साइबर कानून का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?**
(A) सोशल मीडिया के उपयोग को विनियमित करने के लिए
(B) इंटरनेट की गति बढ़ाने के लिए
(C) साइबर अपराध को रोकने और दंडित करने के लिए
(D) कंप्यूटर हार्डवेयर की सुरक्षा के लिए [C]

16. **सोनिया का परिचय देते हुए आमिर कहते हैं, "वह मेरी माँ के इकलौते भाई के इकलौते भतीजे की पत्नी है।" सोनिया आमिर से किस प्रकार संबंधित है ?**
(A) भाभी (B) बहन
(C) डेटा अपर्याप्त है (D) पत्नी [A]

17. **राज्य की प्रति व्यक्ति आय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**कथन – I : प्रति व्यक्ति आय, शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद को राज्य की मध्य वर्ष की कुल जनसंख्या से विभाजित करके प्राप्त की जाती है।**
**कथन – II : प्रति व्यक्ति आय लोगों के जीवन स्तर और कल्याण का सूचक है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए ।**
(A) कथन I और II दोनों सही हैं
(B) केवल कथन II सही है
(C) कथन I और II दोनों गलत हैं
(D) केवल कथन I सही है [A]

18. **ब्राउज़र में ऐड-ऑन ...**
(A) कुकीज़ हटाता है
(B) ब्राउज़र की कार्यक्षमता संशोधित करता है
(C) फाइल प्रकारों को परिवर्तित करता है
(D) CPU की गति बढ़ाता है [B]

19. **बुध ग्रह के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?**
**कथन – I : यह सूर्य के सबसे निकट है।**
**कथन – II : इसे अपनी कक्षा में एक चक्कर पूरा करने में केवल 98 दिन लगते हैं।**

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए ।
(A) कथन I और II दोनों सही है
(B) केवल कथन II सही है
(C) कथन I और II दोनों गलत है
(D) केवल कथन I सही है [D]

**20. ईमेल का उपयोग करते समय एक सामान्य सावधानी है-**
(A) अज्ञात प्रेषकों (senders) के लिंक से बचे
(B) अज्ञात अनुलम्नकों (links) पर क्लिक करें
(C) सभी स्पैम (spam) का उत्तर दें
(D) व्यक्तिगत जानकारी स्वतंत्र रूप से भेजे [B]

**21. यदि परसों (बीते हुए दिन के पहले का दिन) रविवार था, तो आज के बाद चौथा दिन क्या होगा-**
(A) सोमवार
(B) शुक्रवार
(C) बुधवार
(D) शनिवार [D]

**22. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 भारत को किस रूप में वर्णित करता है?**
(A) राज्यों का संघ
(B) राज्यों का गणराज्य
(C) राज्यों का परिसंघ
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं [A]

**23. आई.टी. नियोजन से संबंधित प्रौद्योगिकी में शामिल है ?**
(A) मल्टीमीडिया संसाधन
(B) प्रोग्रामिंग भाषाएँ
(C) डेटा और प्रक्रिया मॉडलिंग पद्धति
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं [D]

**24. सिलिकॉन या जर्मेनियम क्रिस्टल जाली में परमाणुओं को एक साथ रखने के लिए किस प्रकार का बंधन होता है ?**
(A) सहसंयोजक बंधन (Covalent bond)
(B) धात्विक बंधन (Metallic bond)
(C) हाइड्रोजन बंधन (Hydrogen bond)
(D) आयनिक बंधन (Ionic bond) [A]

**25. सुपरकंप्यूटर का पारंपरिक उपयोग क्या था ?**
(A) वर्ड प्रोसेसिंग
(B) COBOL प्रोग्राम चलाना
(C) ऑनलाइन शॉपिंग
(D) वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग गणनाएँ [D]

**26. बांदीकुई के पास आभानेरी की चांद बावड़ी, जिसे सबसे कलात्मक बावड़ी माना जाता है, किस शासक द्वारा बनवाई गई थी ?**
(A) राजा भोज (B) राजा भीमदेव
(C) महाराजा सूरजमल (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं [*]

**27. नीचे प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके बाद 1 और 2 क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है, फिर दोनों निष्कर्षों पर एक साथ विचार करें और तय करें कि उनमें से कौन-सा विकल्प कथन में दी गई जानकारी से तार्किक रूप से संदेह से परे है।**
**कथन : भारत के गौरवशाली अतीत का सबसे अच्छा सबूत पश्चिम में आयुर्वेदिक दवाओं की बढ़ती लोकप्रियता है**
**निष्कर्ष :**
**1. आयुर्वेदिक दवाएं भारत में लोकप्रिय नहीं हैं।**
**2. एलोपैथिक दवाएं भारत में अधिक लोकप्रिय हैं।**
(A) न तो 1 और न ही 2 अनुसरण करता है
(B) केबल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है
(C) 1 और 2 दोनों अनुसरण करते हैं
(D) केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है [A]

**28. राजस्थान सरकार थोक मूल्य सूचकांक (WPI) कितनी बार जारी करती है ?**
(A) सालाना (B) मासिक
(C) त्रैमासिक (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं [B]

**29. ऑनलाइन खुद को सुरक्षित रखने के लिए, हमेशा**
(A) किसी और के खाते का उपयोग करें
(B) उपयोग के बाद लॉग आउट करें
(C) अपना खाता खुला रखें
(D) अपनी ली गई हर तस्वीर पोस्ट करें [B]

**30. नीचे प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके बाद 1 और 2 क्रमांकित दो मान्यताएँ दी गई हैं। आपको कथन और निम्नलिखित मान्यताओं पर विचार करना है और तय करना है कि कथन में कौन-सी मान्यताएँ निहित हैं।**
**कथन: नियुक्ति पत्र में एक पंक्ति "आपको एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि के साथ प्रोग्रामर के रूप में नियुक्त किया जाता है और पुष्टि के लिए अवधि के अंत में आपके प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी।"**
**मान्यताएँ :**
**1. नियुक्ति प्रस्ताव के समय किसी व्यक्ति का प्रदर्शन आमतौर पर ज्ञात नहीं होता है।**
**2. आमतौर पर कोई व्यक्ति परिवीक्षा अवधि में अपनी योग्यता साबित करने की कोशिश करता है।**
(A) न तो 1 और न ही 2 निहित है
(B) केवल मान्यता 2 निहित है
(C) 1 और 2 दोनों निहित हैं
(D) केवल मान्यता 1 निहित है [C]

**31. 22 अक्टूबर, 2024 को 24 वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप कहाँ आयोजित की गई ?**
(A) चंडीगढ़, पंजाब (B) पणजी, गोवा
(C) अहमदाबाद, गुजरात (D) भोपाल, मध्य प्रदेश [B]

**32. सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) का कौन-सा घटक अंकगणितीय और तार्किक संचालन करता है ?**
(A) मेमोरी यूनिट
(B) एरिथमेटिक लॉजिक यूनिट (ALU)
(C) रजिस्टर
(D) कंट्रोल यूनिट (CU) [B]

**33. 1898 में बनारस में सेंट्रल हिंदू कॉलेज की नींव किसने रखी ?**
(A) मदन मोहन मालवीय
(B) एनी बेसेंट
(C) पंडिता रमाबाई
(D) सरोजिनी नायडू [B]

**34. तापमान बढ़ने पर आंतरिक अर्धचालक (intrinsic semiconductor) में कुछ इलेक्ट्रॉनों का क्या होता है ?**
(A) वे ब्रेक फ्री होते हैं और चालन में योगदान देते हैं
(B) वे ऊर्जा खो देते हैं और पुनःसंयोजित हो जाते हैं

(C) वे अधिक सहसंयोजक बंधन बनाते हैं
(D) वे गति करना बंद कर देते हैं **[A]**

**35. 1540 ई. में पद्मावत महाकाव्य किसने लिखा था, जो चित्तौड़ की रानी पद्मिनी की कहानी कहता है ?**
(A) अमीर खुसरो (B) अबुल फजल
(C) मलिक मुहम्मद जायसी (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

**36. अमित, सोनिया का भाई है; ज्योति, निकिता की बहन है; सोनिया, सतीश के पिता की बेटी है। निकिता, कविंदर की बेटी है। ज्योति, अमित की माँ है; मुकेश, निकिता की इकलौती बहन का पति है। सतीश, कविंदर से किस तरह से संबंधित है ?**
(A) दामाद (B) भाई
(C) नाती (D) बेटा **[C]**


**37. राजस्थान में कितने संसदीय क्षेत्र हैं ?**
(A) 25 (B) 30
(C) 20 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[D]**

**38. जयपुर का हवामहल किस वास्तुकार द्वारा अभिकल्पित किया गया था ?**
(A) लाल चंद उस्ताद (B) मीर तुजुमूल हुसैन
(C) विद्याधर भट्टाचार्य (D) सैमुअल जैकब **[A]**

**39. कंप्यूटर में निम्नलिखित में से कौन-सा अस्थिर (Volatile) मेमोरी घटक है ?**
(A) सॉलिड स्टेट ड्राइव (SSD)
(B) रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM)
(C) कॉम्पैक्ट डिस्क (CD)
(D) हार्ड ड्राइव **[B]**

**40. वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्थान का राजस्व घाटा कितना था?**
(A) ₹ 32,500 करोड़ (B) ₹ 38,955 करोड़
(C) ₹ 35,000 करोड़
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[D]**

**41. उस बॉक्स को चुनें जो दिए गए कागज़ की शीट (X) से बने बॉक्स के समान है।**




(A) केवल 2 और 3
(B) केवल 2 और 4
(C) केवल 1 और 4
(D) केवल 1 और 2 **[A]**

**42. यात्रा स्थलों के लिए विशेष समीक्षा प्लेटफ़ॉर्म का एक उदाहरण क्या है?**
(A) ट्रिपएडवाइज़र (B) येल्प
(C) गूगल (D) अमेज़ान **[A]**

**43. निम्नलिखित में से किस हिंदी फिल्म ने 70 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2024 में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार जीता?**
(A) ब्रह्मास्त्र भाग एक शिव
(B) उँचाई
(C) कांतारा (डब हिंदी)
(D) गुलमोहर **[D]**

**44. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रथाएँ पहचान की चोरी को रोक सकती है ?**
(A) अनजान लोगों को मित्र सूची में जोड़ना
(B) सभी व्यक्तिगत विवरण साझा करना
(C) पासवर्ड कभी साझा न करना
(D) सामान्य पासवर्ड का उपयोग करना **[C]**

**45. आधे तरंग वाले रेक्टिफायर की तुलना में पूर्ण तरंग रेक्टिफायर को क्यों प्राथमिकता दी जाती है ?**
(A) यह कम डायोड का उपयोग करता है
(B) यह AC के दोनों आधे चक्रों को ठीक करता है
(C) यह बिना ट्रांसफॉर्मर के काम करता है
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[B]**

**46. सूचना और ज्ञान के बीच मुख्य अंतर क्या है?**
(A) सूचना रिकॉर्ड किया गया ज्ञान है, जबकि ज्ञान में और भी बहुत कुछ शामिल है
(B) ज्ञान डेटा का पर्याय है, जबकि सूचना नहीं
(C) सूचना को स्थानांतरित नहीं किया जा सकता, लेकिन ज्ञान को स्थानांतरित किया जा सकता है
(D) सूचना सामाजिक संदर्भों पर निर्भर होती है, जबकि ज्ञान नहीं **[A]**

**47. ऐसे न्यूक्लाइड जिनमें न्यूट्रॉन की संख्या (N) समान होती है, लेकिन परमाणु क्रमांक (Z) भिन्न होते हैं, कहलाते हैं**
(A) आइसोमर्स (B) आइसोबार
(C) आइसोटोन (D) आइसोटोप **[C]**

**48. डूंगर सिंह के बाद बीकानेर का 21 वां शासक कौन बना ?**
(A) राय सिंह (B) गंगा सिंह
(C) राव बीका (D) कर्ण सिंह **[B]**

**49. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न के उत्तर दें।**
**किसी संगठन में आई.टी. अधिकारी का चयन करने के लिए निम्नलिखित शर्तें हैं।**

**उम्मीदवार को –**
i. कम से कम 60% अंकों के साथ आई.टी. या विज्ञान में बी.ई./बी.टेक. होना चाहिए।
ii. 01-11-2016 को कम से कम 20 वर्ष और 26 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए ।
iii. लिखित परीक्षा में कम से कम 60% अंक प्राप्त किए हों।
iv. साक्षात्कार में कम से कम 40% अंक प्राप्त किए हों।

**उम्मीदवार के मामले में जो सभी शर्तों को पूरा करता है सिवाय,**
a. उपर्युक्त (ii) में, लेकिन एक पोस्ट ग्रेज्यूएट है, उसका मामला जनरल मैनेजर को संदर्भित किया जाएगा।
b. उपर्युक्त (iv) में, लेकिन साक्षात्कार में कम से कम 35% अंक और लिखित परीक्षा में कम से कम 70% अंक प्राप्त किए हैं, उसका मामला संगठन के वाईस प्रेसिडेंट को संदर्भित किया जाएगा ।

**नीचे प्रश्न में एक उम्मीदवार का विवरण और विकल्पों में कार्यवाही के तरीके दिए गए है। उस कार्यवाही के तरीके का चयन करें जो व्यक्ति उम्मीदवारी पर लागू होता है। की करण का जन्म 19 मार्च 1995 को हुआ था। उसने बी.ई. (आई.टी.) में 65% अंक प्राप्त किए हैं। उसने लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 62% अंक प्राप्त किए हैं।**
**यदि करण आवेदन करता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सी कार्यवाही होगी ?**

(A) करण का चयन नहीं किया जाएगा
(B) निर्णय लेने के लिए प्रदान किए गए डेटा अपर्याप्त हैं
(C) करण को जनरल मैनेजर पद की पेशकश की जाएगी
(D) करण का चयन किया जाएगा **[D]**

**50. लोक अदालत के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**कथन-I :** लोक अदालत भारत में विकसित वैकल्पिक विवाद समाधान की एक प्रणाली है।
**कथन-II :** लोक अदालतों द्वारा दिया गय निर्णय सिविल न्यायालय का निर्णय माना जाड है और यह अंतिम होता है तथा सभी पक्षों प बाध्यकारी होता है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।**
(A) कथन I और II दोनों गलत हैं
(B) केवल कथन II सही है
(C) कथन I और II दोनों सही हैं
(D) केवल कथन। सही है **[C]**

**51. AI का कौन-सा डोमेन टेक्स्ट और स्पीच से संबंधित है ?**
(A) डेटा साइन्स (B) नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (NLP)
(C) रोबोटिक्स (D) कंप्यूटर विज़न **[B]**

**52. इनपुट डिवाइस का एक उदाहरण क्या है ?**
(A) प्रिंटर (B) कीबोर्ड
(C) स्पीकर (D) मॉनिटर **[B]**

**53. वर्ष 2024-25 के लिए स्थिर मूल्यों पर राजस्थान की अनुमानित प्रति व्यक्ति आय क्या है ?**
(A) ₹ 96,638 (B) ₹ 1,85,053
(C) ₹ 1,20,000 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[A]**

**54. नीचे प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके बाद 1 और 2 क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है, फिर दोनों निष्कर्षों पर एक साथ विचार करें और तय करें कि उनमें से कौन-सा विकल्प कथन में दी गई जानकारी से तार्किक रूप से संदेह से परे है ।**
कथन : पवन ऊर्जा का एक अक्षय स्रोत है और एक एयरोजेनरेटर इसे बिजली में परिवर्तित कर सकता है। हालाँकि इस क्षेत्र में बहुत कुछ नहीं किया गया है, लेकिन सर्वेक्षण से पता चलता है कि पवन को ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाएँ हैं।
निष्कर्ष :
1. पवन ऊर्जा तुलनात्मक रूप से नया उभरता हुआ क्षेत्र है ।
2. एयरो-जनरेशन के क्षेत्र में और अधिक खोज करके ऊर्जा संकट से निपटा जा सकता है ।
(A) न तो 1 और न ही 2 अनुसरण करता है
(B) केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है
(C) 1 और 2 दोनों अनुसरण करते हैं
(D) केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है **[C]**

**55. 25.0 mH का एक शुद्ध प्रेरक 220 V के एक स्रोत से जुड़ा है । यदि स्रोत की आवृत्ति 50 Hz है, तो परिपथ में प्रेरक प्रतिघात ज्ञात कीजिए।**
(A) 0.0357 Ω (B) 28 Ω
(C) 1250 Ω (D) 7.85 Ω **[D]**

**56. AI का एक बड़ा फ़ायदा है-**
(A) बेहतर इनोवेशन (B) धीमी उत्पादकता
(C) नौकरी छूटने में वृद्धि (D). मैन्युअल डेटा एंट्री **[A]**

**57. 2024 गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार किसे दिया गया ?**
(A) मेधा पाटकर (B) प्रफुल्ल सामंतरा
(C) आलोक शुक्ला (D) रमेश अग्रवाल **[C]**

**58. वर्चुअल रियलिटी (वी.आर.) का प्राथमिक फोकस क्या है ?**
(A) वास्तविक दुनिया की वस्तुओं के बारे में बुनियादी जानकारी प्रदान करना
(B) नई वास्तविकता का अनुकरण करना
(C) 2D में चित्र प्रदर्शित करना
(D) अतिरिक्त जानकारी के साथ वास्तविक दुनिया को बढ़ाना **[A]**

**59. राजस्थान के किस किले की दीवार, विश्व की दूसरी सबसे लम्बी सतत दीवार है ?**
(A) रणथंभौर किला (B) जूनागढ़ किला
(C) जयगढ़ किला (D) कुंभलगढ़ किला **[D]**

**60. निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी ?**
122, 62, 32, ?, 9.5, 5.75
(A) 20.25 (B) 24
(C) 17 (D) 19 **[C]**

**61. महाराजा सूरजमल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और नीचे दिए गए सही विकल्पों को चुनें ।**
कथन - I : वे बदन सिंह के पुत्र और उत्तराधिकारी थे।
कथन - II : उन्होंने भरतपुर में एक किला बनवाया और उसे अपनी राजधानी बनाया । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए ।
(A) कथन I और II दोनों सही हैं
(B) केवल कथन II सही है
(C) कथन I और II दोनों गलत हैं
(D) केवल कथन I सही है **[A]**

**62. निम्नलिखित में से कौन-सा IOT के लिए हार्डवेयर उदाहरण के रूप में सूचीबद्ध नहीं है ?**
(A) इंटेल गैलीलियो (Intel Galileo)
(B) रास्पबेरी पाई (Raspberry Pi)
(C) माइक्रोसॉफ्ट सरफेस (Microsoft surface)
(D) ऑर्यूनो (Arduino) **[C]**



**63. सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व राजस्थान के किस जिले में स्थित है ?**
(A) सवाई माधोपुर
(B) कोटा
(C) अलवर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

**64. एक प्रकाश बल्ब को 220 V आपूर्ति के लिए 100 W पर रेट किया गया है । बल्ब का प्रतिरोध ज्ञात कीजिए ।**
(A) 48.4 Ω (B) 2.2 Ω
(C) 45 Ω (D) 484 Ω **[D]**

**65. दिए गए शब्दों को शब्दकोश में आने वाले क्रम में व्यवस्थित करें।**
**1. Ropped 2. Roster**
**3. Roasted 4. Road**
**5. Roller**
(A) 34512 (B) 45312
(C) 43512 (D) 35412 **[C]**

**66. राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2024-25 में उल्लेख के अनुसार, राजस्थान किस वर्ष तक 350 बिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखता है ?**
(A) 2027 (B) 2029
(C) 2025 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[B]**

**67. शिशु मृत्यु दर (आई.एम.आर.) क्या मापता है ?**
(A) वर्ष के दौरान प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर शिशु मृत्यु की संख्या
(B) प्रति वर्ष टीका लगाए गए शिशुओं की संख्या
(C) प्रसव के दौरान मरने वाली महिलाओं की संख्या
(D) प्रत्येक वर्ष जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या **[A]**

**68. निम्नलिखित में से कौन-सा आरेख पृथ्वी, समुद्र और सूर्य के बीच सबसे अच्छा संबंध दर्शाता है?**
(A)  (B) 
(C)  (D)  **[D]**

**69. कपिल मुनि का मेला कार्तिक पूर्णिमा को राजस्थान के किस स्थान पर लगता है ?**
(A) रामदेवरा (B) कोलायत
(C) सालासर (D) पुष्कर **[B]**

**70. कंप्यूटर की कौन-सी डिवाइस डेटा को मानव-पठनीय (Human Readable) रूप में परिवर्तित करती है ?**
(A) आउटपुट डिवाइस (B) इनपुट डिवाइस
(C) मेमोरी (D) सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) **[A]**

**71. राजस्थान का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल कितना है, जो इसे क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा राज्य बनाता है ?**
(A) 3,18,726 वर्ग किमी (B) 3,10,540 वर्ग किमी
(C) 3,42,239 वर्ग किमी (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

**72. एक व्यक्ति की वर्तमान आयु उसकी माँ की आयु का 2/9 वाँ भाग है। 10 वर्ष बाद, वह अपनी माँ की आयु का 4/11 वाँ भाग हो जाएगा । 15 वर्ष बाद माँ की आयु कितनी होगी ?**
(A) 55 वर्ष (B) 48 वर्ष
(C) 53 वर्ष (D) 60 वर्ष **[D]**

**73. तुर्रा कलंगी कयाल के बारे में निम्नलिखित कंथनों 'पर विचार कीजिए।**
कथन - I : मेवाड़ के संत शाह अली और तुकनगीर ने 400 साल पहले तुर्रा कलंगी ख्याल की स्थापना की थी ।
कथन - II : तुर्रा शिव का प्रतीक है और कलंगी पार्वती का प्रतीक है ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।
(A) कथन I और II दोनों सही हैं
(B) केवल कथन II सही है
(C) कथन I और II दोनों गलत हैं
(D) केवल कथन I सही है **[A]**

**74. चैट एप्लिकेशन का प्राथमिक कार्य क्या है ?**
(A) प्रेजेंटेशन बनाना
(B) रीयल-टाइम ऑनलाइन संचार की सुविधा प्रदान करना
(C) प्रोजेक्ट प्रबंधित करना
(D) ईमेल भेजना **[B]**

**75. n-प्रकार के अर्धचालकों (semiconductor) में दाता ऊर्जा स्तर चालन बैंड के ठीक नीचे क्यों स्थित होते हैं ?**
(A) वैलेंस बैंड में छिद्र बनाने के लिए
(B) ताकि इलेक्ट्रॉनों को कमरे के तापमान पर चालन बैंड में आसानी से उत्तेजित किया जा सके
(C) तापीय चालकता को कम करने के लिए
(D) छिद्रों के पुनर्संयोजन को रोकने के लिए **[B]**

**76. होली के अवसर पर पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा किया जाने वाला निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान के लोक नृत्य में गोलाकार चाल और लाठी मारना शामिल है?**
(A) कठपुतली
(B) गैर
(C) चरी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[D]**

**77. प्रतिचुंबकीय पदार्थ हैं-**
(A) स्थायी रूप से चुम्बकित होने में सक्षम
(B) विपरीत दिशा में चुंबकीय क्षेत्र में कमजोर रूप से चुंबकित
(C) एक ही दिशा में चुंबकीय क्षेत्र की ओर कमजोर रूप से आकर्षित
(D) चुंबकीय क्षेत्र द्वारा दृढ़ता से आकर्षित **[B]**

**78. कौन-सी संख्या प्रणाली केवल 0 और 1 अंक का उपयोग करती है?**
(A) डेसिमल (B) ऑक्टल
(C) हेक्साडेसिमल (D) बाइनरी **[D]**

**79. चंबल-65, सोनेरा, शरबती और कोहिनूर किस फसल की किस्में हैं?**
(A) मक्का (B) जौ
(C) गेहूँ (D) चावल **[C]**

**80. वंचित बच्चों की शिक्षा का समर्थन करने के लिए दिल्ली में स्माइल फाउंडेशन की स्थापना किस वर्ष की गई थी?**
(A) 2005 (B) 2002
(C) 2010 (D) 1998 **[B]**


**81. ईमेल बॉम्बिंग क्या है?**
(A) संदेशों को एन्क्रिप्ट करना
(B) मेल सिस्टम को बड़ी मात्रा में ईमेल भेजना
(C) वेब होस्टिंग
(D) स्पैम को ब्लॉक करना **[B]**

**82. यदि 18 मार्च बुधवार है, तो 1 मार्च क्या होगा ?**
(A) शुक्रवार (B) शनिवार
(C) गुरुवार (D) रविवार **[D]**

**83. पचपदरा तेल रिफाइनरी किनका संयुक्त उद्यम है?**
(A) OIL और राजस्थान सरकार
(B) HPCL और भारत सरकार
(C) ONGC और भारत सरकार
(D) HPCL और राजस्थान सरकार **[D]**

**84. राजस्थान में विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) अधिनियम कब पारित किया गया?**
(A) 2008
(B) 2022
(C) 2015
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

**85. निम्नलिखित आकृति में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?**




(A) 12 (B) 11
(C) 14 (D) 10 **[D]**

**86. राजस्थान के सभी जिला मुख्यालयों पर स्थापित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(A) महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना
(B) विशेष रूप से बुजुर्ग महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान करना
(C) महिलाओं को मनोवैज्ञानिक, आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर मुफ्त परामर्श प्रदान करना
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

**87. जब CPU को कुछ डेटा की आवश्यकता होती है, तो वह सबसे पहले क्या जाँचता है ?**
(A) कैश मेमोरी (B) रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM)
(C) हार्ड ड्राइव (D) सेकेंडरी स्टोरेज **[A]**

**88. राजस्थान की नदी प्रणाली के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
कथन - I : चंबल नदी को छोड़कर राजस्थान की नदियाँ अल्पकालिक हैं और केवल बरसात के मौसम में बहती हैं।
कथन - II : अधिकांश नदियाँ हिमालय से निकलती हैं और कच्छ के रण में गिरती हैं। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।
(A) कथन I और II दोनों सही हैं
(B) केवल कथन II सही है
(C) कथन I और II दोनों गलत हैं
(D) केवल कथन I सही है **[D]**

**89. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण नीति, 2001 का लक्ष्य नहीं है?**
(A) विकास प्रक्रिया में लैंगिक परिप्रेक्ष्य को मुख्यधारा में लाना
(B) सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करना
(C) नागरिक समाज, विशेष रूप से महिला संगठनों के साथ साझेदारी बनाना और मजबूत करना
(D) महिलाओं की उन्नति, विकास और सशक्तीकरण **[B]**

**90. निम्नलिखित में से कौन डेटा संचार का घटक नहीं है?**
(A) प्रोटोकॉल (B) रिसीवर
(C) स्कैनर (D) प्रेषक **[A]**

**91. निम्नलिखित में से कौन-सी माही नदी की सहायक नदी नहीं है?**
(A) सोम (B) जाखम
(C) अनस (D) बनास **[D]**

**92. फ्रेंकेल दोष का ठोस के घनत्व पर क्या प्रभाव पड़ता है?**
(A) इससे घनत्व में कोई परिवर्तन नहीं होता
(B) इससे घनत्व कम हो जाता है
(C) इससे घनत्व बढ़ता है
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[A]**

**93. अजय पूर्व की ओर 24 किमी चलता है और दाएँ हाथ की ओर मुड़ता है और 10 किमी और ड्राइव करता है। फिर वह अपने दाएँ मुड़ता है (पश्चिम की ओर ड्राइव करता है) और 10 किमी चलता है। फिर वह अपने बाएँ मुड़ता है और 8 किमी और चलता है। उसके बाद, वह अपने दाएँ मुड़ता है और 14 किमी की यात्रा करता है। वह अपने प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर है और किस दिशा में है?**
(A) 16 किमी पश्चिम (B) 18 किमी दक्षिण
(C) 10 किमी दक्षिण (D) 20 किमी पूर्व **[B]**

**94. फोरेंसिक तत्परता किसी संगठन को क्या करने में सक्षम बनाती है?**
(A) नया नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर बनाएँ
(B) जाँच लागत को कम करते हुए डिजिटल साक्ष्य का अधिकतम उपयोग करें
(C) मार्केटिंग पहुँच बढ़ाएँ
(D) साइबर अपराधों को पूरी तरह से रोकें **[B]**

**95. इंटरनेट क्या है?**
(A) एक स्थानीय नेटवर्क
(B) वेब पेजों का संग्रह
(C) केवल एक वायरलेस नेटवर्क
(D) कंप्यूटिंग उपकरणों का एक वैश्विक नेटवर्क **[D]**

**96. दी गई संख्या अनुक्रम में गलत संख्या ज्ञात कीजिए।**
**22, 33, 66, 99, 121, 279, 594**
(A) 594 (B) 121
(C) 279 (D) 33 **[B]**

**97. डेटा अवरोधन (interception), संशोधन और चोरी को निम्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है-**
(A) पहचान अपराध (B) हार्डवेयर अपराध
(C) डेटा अपराध (D) वेब अपराध **[A]**

**98. p-प्रकार के अर्धचालक में, आवेश वाहकों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?**
(A) छिद्र (hole) और इलेक्ट्रॉन दोनों की संख्या बराबर होती है
(B) छिद्र (hole) बहुसंख्यक वाहक होते हैं
(C) कोई आवेश वाहक मौजूद नहीं होता
(D) इलेक्ट्रॉन बहुसंख्यक वाहक होते हैं **[B]**

**99. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान को किस वर्ष यूनेस्को विश्व प्राकृतिक विरासत स्थल घोषित किया गया था?**
(A) 1995 (B) 1985
(C) 2021 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[B]**

**100. सवाई जयसिंह के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
कथन-I: सवाई जयसिंह ने खगोल विज्ञान के ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली, मथुरा, बनारस, उज्जैन और जयपुर में पाँच वेधशालाएँ बनवाईं।
कथन-II: मुगल बादशाह अकबर ने उनका नाम सवाई जयसिंह रखा क्योंकि वे कई मामलों में जयसिंह प्रथम से एक कदम आगे थे।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।**
(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) केवल कथन II सही है
(C) कथन I और II दोनों गलत हैं
(D) केवल कथन I सही है **[D]**

**101. वेब पेज एक्सेस के लिए मुख्य रूप से किस प्रोटोकॉल का उपयोग किया जाता है?**
(A) हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल (HTTP)
(B) सिंपल मेईल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (SMTP)

(C) पाइन्ट टु पाइन्ट प्रोटोकॉल (PPP)
(D) फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (FTP) **[A]**


**102. राजस्थान सरकार की राज ईवॉल्ट (Raj eVault) प्रणाली का प्राथमिक कार्य क्या है?**
(A) सरकारी प्रमाण पत्र तुरंत जारी करना
(B) नागरिकों के दस्तावेजों को डिजिटल रूप में संग्रहीत करने के लिए एक केंद्रीय डिजिटल भंडार के रूप में कार्य करना
(C) सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति को ट्रैक करना
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[B]**

**103. शुक्राणुजनन कहाँ से शुरू होता है?**
(A) बचपन (B) जन्म
(C) वयस्कता (D) तरुणाई **[D]**

**104. कानूनी कार्रवाई के संदर्भ में फोरेंसिक तत्परता का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?**
(A) कानूनी टीमों की आवश्यकता को समाप्त करना
(B) यह सुनिश्चित करना कि साक्ष्य कानूनी परिणाम को सकारात्मक रूप से प्रभावित करें
(C) जल्दी से मुकदमा दायर करना
(D) अदालती कार्यवाही में देरी करना **[B]**

**105. उपयोगकर्ता स्तर पर इंटरनेट तक पहुँच कौन प्रदान करता है?**
(A) इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (ISP)
(B) राउटर
(C) स्विच
(D) वेब ब्राउज़र **[D]**

**106. नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।**




**ऐसे कितने व्यक्ति हैं जो चाय और कॉफी दोनों लेते हैं लेकिन शराब नहीं पीते?**
(A) 7 (B) 17
(C) 20 (D) 22 **[A]**

**107. पिछवाई चित्रकला किस चित्रकला शैली संबंधित है?**
(A) किशनगढ़ (B) नाथद्वारा
(C) कोटा (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[B]**

**108. सेंसर नेटवर्क का प्राथमिक उपयोग क्या है?**
(A) बड़े डेटासेट को संग्रहीत करना
(B) निर्णय लेने के लिए चरों की निगरानी करना
(C) वेबसाइट डिज़ाइन करना
(D) वीडियो गेम बनाना **[B]**

**109. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस लोक प्रदर्शन में कहानियाँ सुनाने के लिए तार वाली कठपुतलियों का उपयोग किया जाता है?**
(A) घूमर (B) तेरह ताली
(C) गवरी (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[D]**

**110. सिंधु घाटी सभ्यता का एक महत्वपूर्ण स्थल कालीबंगा, किस प्राचीन नदियों की घाटी में स्थित था?**
(A) गंगा और नर्मदा (B) सरस्वती और दृषद्वती
(C) चंबल और यमुना (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[B]**

**111. राजस्थान के श्री महावीर जी मेले के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।**
**कथन-I: यह मेला महावीर स्वामी की स्मृति में हर साल चंदनपुर जिला करौली में आयोजित किया जाता है।**
**कथन-II: यह बौद्धों का सबसे बड़ा मेला है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।**
(A) कथन I और II दोनों सही हैं
(B) केवल कथन II सही है
(C) कथन I और II दोनों गलत हैं
(D) केवल कथन I सही है **[D]**

**112. कौन-सा प्रोटोकॉल दो सिस्टम के बीच फ़ाइलों को स्थानांतरित करता है?**
(A) पाइन्ट टु पाइन्ट प्रोटोकॉल (PPP)
(B) सिंपल मेईल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (SMTP)
(C) फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (FTP)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

**113. निम्नलिखित में से कौन-सा ट्रान्सपोर्ट प्रोटोकॉल एक विश्वसनीय बाइट-स्ट्रीम सेवा प्रदान करता है?**
(A) हाइपर टेक्स्ट ट्रान्सफर प्रोटोकॉल (HTTP)
(B) ट्रान्समिशन कंट्रोल प्रोटोकॉल (TCP)
(C) फाइल ट्रान्सफर प्रोटोकॉल (FTP)
(D) पाइन्ट टु पाइन्ट प्रोटोकॉल (PPP) **[B]**

**114. कंप्यूटर आधारित अपराध क्या है?**
(A) कंप्यूटर द्वारा सुगम बनाया गया अपराध लेकिन वास्तविक दुनिया में घटित हुआ
(B) पूरी तरह से कंप्यूटर पर किया गया अपराध
(C) केवल भौतिक साक्ष्य से जुड़ा अपराध
(D) बिना किसी तकनीक के उपयोग से किया गया अपराध **[B]**

**115. गाइनोईशियम (Gynoecium) फूल के किस भाग का प्रतिनिधित्व करता है?**
(A) पुरुष प्रजनन (B) गैर प्रजनन
(C) महिला प्रजनन (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

**116. नीचे प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके बाद 1 और 2 क्रमांकित दो मान्यताएँ दी गई हैं। आपको कथन और निम्नलिखित मान्यताओं पर विचार करना है और तय करना है कि कथन में कौन-सी मान्यताएँ निहित हैं।**
**कथन: 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी बेरोजगार भारतीय युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जाना चाहिए।**
**मान्यताएँ:**
**1. भारत में बेरोजगार युवा हैं जिन्हें मौद्रिक सहायता की आवश्यकता है।**

**2. सरकार के पास सभी बेरोजगार युवाओं को भत्ता प्रदान करने के लिए पर्याप्त धन है।**
(A) न तो 1 और न ही 2 निहित है (B) केवल मान्यता 2 निहित है
(C) 1 और 2 दोनों निहित हैं (D) केवल मान्यता 1 निहित है **[D]**

**117. राजस्थान सरकार के iStart कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(A) किसानों को आधुनिक उपकरणों के लिए सब्सिडी प्रदान करना
(B) राज्य में उद्यमिता के निर्माण के लिए स्टार्टअप, निवेशकों, इनक्यूबेटर, एक्सेलेरेटर और मेंटर के लिए सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करना
(C) सरकारी क्षेत्र में विशेष रूप से रोजगार प्रदान करना
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[B]**

**118. वेब एक सेवा है जो निम्न पर चलती है-**
(A) वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN)
(B) ईथरनेट (C) केबल टीवी
(D) इंटरनेट **[D]**




**119. राजस्थान में स्थापित पहला राष्ट्रीय उद्यान कौन-सा है?**
(A) रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान (B) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
(C) सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[A]**

**120. राजस्थान के सोम नदी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
1. यह उदयपुर जिले में ऋषभदेव के पास बबलवाड़ा के जंगलों में उत्पन्न होती है।
2. यह दक्षिण-पूर्व में बहती है और माही नदी में मिल जाती है।
3. यह डूंगरपुर जिले की सीमा का हिस्सा बनती है।
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1 और 3
(C) केवल 2 और 3 (D) उपर्युक्त सभी **[B]**

**121. एक स्टैटिक वेब पेज -**
(A) सभी उपयोगकर्ताओं के लिए एक जैसा रहता है
(B) प्रत्येक सेकंड अलग-अलग समय दिखाता है
(C) मौसम डेटा दिखाता है
(D) प्रत्येक उपयोगकर्ता के लिए बदलता है **[A]**

**122. वर्ष 2023-24 के लिए कुल पोषक/मोटे अनाज के उत्पादन में राजस्थान का स्थान क्या है?**
(A) तीसरा (B) दूसरा
(C) चौथा (D) पहला **[D]**

**123. वह आरेख पहचानें जो दिए गए वर्गों के बीच संबंधों को सबसे बेहतर ढंग से दर्शाता है।**
**पृथ्वी, शनि, ग्रह, तारा**

(A)  (B) 
(C)  (D) 
**[A]**

**124. ब्रिस्बेन बंदरगाह किस देश में स्थित है?**
(A) कनाडा
(B) न्यूजीलैंड
(C) ऑस्ट्रेलिया
(D) यूनाइटेड किंगडम **[C]**

**125. निम्नलिखित में से कौन-सा वेब पर किसी संसाधन की विशिष्ट पहचान करता है?**
(A) यूनिफॉर्म रिसोर्स आइडेंटिफायर (URI)
(B) हाइपर टेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज (HTML)
(C) इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP)
(D) हाइपर टेक्स्ट ट्रान्सफर प्रोटोकॉल (HTTP) **[A]**

**126. राजस्थान विधान सभा को कौन बुलाता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि दो सत्रों के बीच का अंतराल छह महीने से अधिक न हो?**
(A) राज्य के राज्यपाल (B) विधान सभा अध्यक्ष
(C) भारत के राष्ट्रपति (D) मुख्यमंत्री **[A]**

**127. किस दूरसंचार पीढ़ी ने शॉर्ट मेसेज सर्विस (SMS) और मल्टिमिडिया मेसेजिंग सर्विस (MMS) की शुरुआत की?**
(A) 3G (B) 2G
(C) 4G (D) 1G **[B]**

**128. कौन-सा देश विकास के आधिकारिक पैरामीटर के रूप में सकल खुशी सूचकांक (GHI) का उपयोग करता है?**
(A) नॉर्वे (B) स्विट्जरलैंड
(C) भूटान (D) नेपाल **[C]**

**129. वह सिद्धांत जो ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति को समझाने का प्रयास करता है-**
(A) स्थिर अवस्था सिद्धांत (B) विकास का सिद्धांत
(C) पैनस्पर्मिया सिद्धांत (D) बिग बैंग सिद्धांत **[D]**


**130. यदि एक व्यक्ति मोपेड पर एक बिंदु से चलना शुरू करता है और 4 किमी दक्षिण की ओर जाता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 2 किमी चलकर फिर से दाएँ मुड़कर 4 किमी और चलता है, तो वह किस दिशा में जा रहा है?**
(A) पूर्व (B) पश्चिम
(C) दक्षिण (D) उत्तर **[C]**

**131. राष्ट्रीय जलमार्ग 63 के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**
(A) यह राजस्थान में चंबल नदी पर स्थित है और इसकी लंबाई 436 किमी है।
(B) यह राजस्थान में लूनी नदी पर स्थित है और इसकी कुल लंबाई 336 किमी है।
(C) यह पश्चिमी राजस्थान में उदयपुर को अजमेर से जोड़ने वाला एक प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग है।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[B]**

**132. क्लासलेस इंटरडोमेन रूटिंग (CIDR) का उद्देश्य क्या है?**
(A) रूटिंग प्रोटोकॉल को सरल बनाना
(B) पता वर्गों को पूरी तरह से समाप्त करना
(C) सख्त एड्रेसिंग योजनाओं को लागू करना
(D) उपलब्ध IP पतों की संख्या बढ़ाना **[A]**

**133. राजस्थान के अग्नि लोकनृत्य के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**
1. अग्नि लोकनृत्य बीकानेर और चूरू जिलों के जसनाथी समुदाय के पुरुषों द्वारा किया जाता है।
2. यह लोकनृत्य केवल हिंदू त्योहारों जन्माष्टमी और होली पर किया जाता है।
3. अग्नि लोकनृत्य शाही दरबारों में महिलाओं द्वारा किया जाता है।
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**
(A) केवल 1 और 3 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 2 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

**134. चार विकल्पों में से एक उपयुक्त आकृति का चयन करें जो आकृति मैट्रिक्स को पूरा करेगी।**



(A)  (B) 

(C)  (D) 

**[D]**

**135. गुहिल वंश के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
कथन-I: गुहिलों ने मेवाड़ पर शासन किया।
कथन-II: उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़, प्रतापगढ़ और उनके आसपास के क्षेत्र को मेवाड़ के नाम से जाना जाता था।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।**
(A) कथन I और II दोनों सही हैं
(B) केवल कथन II सही है
(C) कथन I और II दोनों गलत हैं
(D) केवल कथन I सही है **[A]**

**136. पंचायती राज संस्था के चुनाव के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
कथन-I: राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं (PRI) के चुनाव 1960 से हो रहे हैं।
कथन-II: पहला चुनाव 1960 में पंचायत विभाग द्वारा आयोजित किया गया था।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।**
(A) कथन I और II दोनों गलत हैं
(B) केवल कथन II सही है
(C) कथन I और II दोनों सही हैं
(D) केवल कथन I सही है **[C]**

**137. p-प्रकार और n-प्रकार स्लैब का भौतिक संयोजन एक कार्यात्मक p-n जंक्शन क्यों नहीं बना सकता है?**
(A) सतह खुरदरापन परमाणु-स्तर की निरंतरता को रोकता है
(B) डोपिंग इंटरफ़ेस पर बेअसर हो जाती है
(C) पुनर्संयोजन सतह पर शून्य है
(D) संपर्क क्षमता शून्य हो जाती है **[A]**

**138. कौन-सी वायरलेस तकनीक नहीं है?**
(A) बाईमैक्स (B) वाई-फाई
(C) ट्विस्टेड पेयर (D) ब्लूटूथ **[C]**

**139. वर्ष 2023-24 के लिए भारत में कुल तिलहन उत्पादन में राजस्थान का स्थान क्या है?**
(A) तृतीय (B) द्वितीय
(C) चौथा (D) प्रथम **[D]**

**140. लिंक-स्टेट रूटिंग का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**
(A) IP पता असाइनमेंट प्रबंधित करना
(B) प्रत्येक नोड को किसी भी गंतव्य के लिए सबसे कम लागत वाला मार्ग खोजने में सक्षम बनाना
(C) नोड्स के बीच सुरक्षित संचार सुनिश्चित करना
(D) बैंडविड्थ के आधार पर सबसे तेज़ मार्ग निर्धारित करना **[B]**

**141. निम्नलिखित में से किस देश ने ग्लीनास (GLONASS) जी.पी.एस. तकनीक विकसित की है?**
(A) संयुक्त राज्य अमेरिका (B) चीन
(C) जापान (D) रूस **[D]**

**142. 1456 ई. में किन दो शासकों ने चंपानेर की संधि पर हस्ताक्षर किए थे?**
(A) गुजरात के बहादुर शाह और मालवा के महमूद खिल्जी प्रथम
(B) गुजरात के अलाउद्दीन खिल्जी और कुतुबुद्दीन
(C) मालवा के महमूद खिल्जी प्रथम और गुजरात के कुतुबुद्दीन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

**143. निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?**
**DMKY, HQOC, MVTH, SBZN, ?**
(A) AIHU (B) ZKGV
(C) ZJGT (D) ZIGU **[D]**

**144. भारतीय संविधान में संशोधन की प्रक्रिया किस देश के संविधान से ली गई है?**
(A) कनाडा (B) यूनाइटेड किंगडम
(C) दक्षिण अफ्रीका (D) संयुक्त राज्य अमेरिका **[C]**

**145. इनमें से कौन-सा वैध ईमेल सेवा प्रदाता नहीं है?**
(A) Outlook (B) Yahoo
(C) Python (D) Gmail **[C]**

**146. नीचे दिये गये तीन कथनों में पहले दो कथनों के आधार पर, तीसरा कथन सत्य, असत्य या अनिश्चित हो सकता है-**
I. तान्या एरिक से बड़ी है। II. क्लिफ तान्या से बड़ा है।
III. एरिक क्लिफ से बड़ा है।
**यदि पहले दो कथन सत्य हैं, तो तीसरा कथन है**
(A) अनिश्चित (B) असत्य
(C) निर्धारित नहीं किया जा सकता है
(D) सत्य **[B]**

**147. फिशिंग ईमेल आमतौर पर चुराने की कोशिश करते हैं।**
(A) पासवर्ड और क्रेडिट कार्ड विवरण जैसी संवेदनशील जानकारी
(B) कंप्यूटर पर मौजूद फाइल
(C) ईमेल संग्रहण स्थान (D) गेम स्कोर **[A]**

**148. निम्नलिखित में से कौन केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप की राजधानी है?**
(A) दमन (B) कवारत्ती
(C) सिलवासा (D) पोर्ट ब्लेयर **[B]**

**149. सर्च इंजन का प्राथमिक कार्य क्या है?**
(A) उपयोगकर्ताओं को रुचि की जानकारी खोजने में सहायता करना
(B) वेबसाइट बनाना
(C) ईमेल भेजना (D) वीडियो होस्ट करना **[B]**

**150. इंटरनेट के संदर्भ में ऑटोनॉमस सिस्टम (AS) क्या है?**
(A) एक नेटवर्क जो एक एकल इकाई, अक्सर एक ISP द्वारा स्वतंत्र रूप से संचालित होता है
(B) नेटवर्क के बीच डेटा रूट करने के लिए एक प्रोटोकॉल
(C) एक नेटवर्क जो अन्य नेटवर्क के साथ संचार नहीं कर सकता है
(D) इंटरनेट रूटिंग में इस्तेमाल किया जाने वाला फ़ायरवॉल का एक प्रकार **[B]**

**1. डायनामाइट का आविष्कार किसने की?**
(A) अल्फ्रेड नोबेल (B) थॉमस एडिसन
(C) अलेक्जेंडर ग्राहम बेल (D) मैरी क्यूरी **[A]**

**2. राजस्थान सरकार द्वारा 1963 में प्रायोगिक आधार पर शुरू की गई खुली जेल का नाम क्या है ?**
(A) राजस्थान खुला सुधार शिविर
(B) खुला जेल विकास योजना
(C) श्री सम्पूर्णानन्द खुला बंदी शिविर
(D) सम्पूर्णानन्द जेल केंद्र **[C]**

**3. राजस्थान में माही बजाज सागर बांध कहाँ स्थित है ?**
(A) उदयपुर (B) झाबुआ
(C) धार (D) बांसवाड़ा **[D]**

**4. इस श्रृंखला को देखें:**
**2, 1, (1/2) (1/4) ....... अगला नंबर क्या आना चाहिए?**
(A) (1/3) (B) (2/8)
(C) (1/16) (D) (1/8) **[D]**

**5. राजस्थान में दांडी गैर लोक नृत्य मुख्य रूप से कहाँ पाया जाता है ?**
(A) उदयपुर (B) बाड़मेर
(C) मारवाड़ (D) जैसलमेर **[C]**

**6. विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में भारत ने कितने पदक जीते ?**
(A) 100 (B) 134
(C) 150 (D) 120 **[B]**

**7.** $$1+\frac{1}{1+\frac{1}{1+\frac{1}{3}}}=?$$
(A) $1\frac{4}{7}$ (B) $3\frac{4}{7}$
(C) $4\frac{4}{7}$ (D) $2\frac{4}{7}$ **[A]**

**8. लूनी नदी राजस्थान के किस क्षेत्र से होकर गुजरती है ?**
(A) मेवाड़ (B) दक्षिण-पूर्वी थार रेगिस्तान
(C) चंबल बेसिन (D) पूर्वी राजस्थान **[B]**

**9. निम्नलिखित में से किसे "भविष्य का ईंधन" माना जाता है ?**
(A) कोयला (B) प्राकृतिक गैस
(C) हाइड्रोजन (D) पेट्रोलियम **[C]**

**10. अगर आज सोमवार है, तो 61 दिनों के बाद क्या होगा ?**
(A) बुधवार (B) मंगलवार
(C) गुरुवार (D) शनिवार **[D]**

**11. राजस्थान की निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत चोटी उदयपुर ज़िले में स्थित है ?**
(A) गुरु शिखर (B) अचलगढ़
(C) जरगा (D) सेर **[C]**

**12. अटल इनोवेशन मिशन को _________ तक बढ़ाया गया ।**
(A) 31 मार्च, 2025 (B) 31 मार्च, 2028
(C) 31 मार्च, 2030 (D) 31 मार्च, 2026 **[B]**

**13. 6240 रुपये की राशि 30 किस्तों में इस प्रकार चुकाई जाती है कि प्रत्येक किस्त पिछली किस्त से 10 रुपये अधिक है। पहली किस्त की मूल्य___________है।**
(A) 36 रुपये (B) 60 रुपये
(C) 63 रुपये (D) 30 रुपये **[C]**

**14. 70 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में वर्ष 2022 के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?**
(A) मिथुन चक्रवर्ती (B) रजनीकांत
(C) वहीदा रहमान (D) आशा पारेख **[A]**

**15. तुंगा के मैदान में सवाई प्रताप सिंह द्वारा पराजित मराठा सेनापति का नाम क्या है?**
(A) बाजी राव प्रथम (B) होलकर
(C) राघोजी भोंसल (D) महाद जी सिंधिया **[D]**

**16. निकट दृष्टिदोष में व्यक्ति ________ स्पष्ट रूप से नहीं देख सकता।**
(A) दूर रखी हुई वस्तुएँ (B) मंद प्रकाश में वस्तुएँ
(C) बहुत छोटी वस्तुएँ (D) आस-पास की वस्तुएँ **[A]**

**17. दो संख्याएँ A और B इस प्रकार हैं कि A के 5% और B के 4% का योग A के 6% और B के 8% के योग का दो-तिहाई है । A : B का अनुपात ज्ञात कीजिए।**
(A) 2:3 (B) 3:4
(C) 4:3 (D) 1:1 **[C]**

**18. राजस्थान के उस्ताद असद अली खान (अलवर) किस संगीत वाद्ययंत्र से सम्बंधित हैं?**
(A) वीणा (B) सितार
(C) सारंगी (D) रुद्र वीणा **[D]**

**19. 5 क्रमागत संख्याओं का औसत n है। यदि अंगली दो संख्याएँ भी शामिल कर ली जाएँ, तो 7 संख्याओं का औसत**
(A) 2 से बढ़ जाएगा (B) वही रहेगा
(C) 1.4 से बढ़ जाएगा (D) 1 से बढ़ जाएगा **[D]**

**20. यदि $\left(\frac{a}{b}\right)^{x-1} = \left(\frac{b}{a}\right)^{x-3}$ तो x का मान ______ है-**
(A) $\frac{1}{2}$ (B) 2
(C) $\frac{7}{2}$ (D) 1 **[B]**

**21. संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत भारत में कितनी बार आपातकाल घोषित किया गया है?**
(A) एक बार (B) तीन बार
(6) चार बार (D) दो बार **[B]**

**22.** $$\frac{2.70\ X\ 2.70 + 4.30\ X\ 4.30 + 8.60\ X\ 2.70}{2.70 + 4.30} = ?$$
(A) 6.8 (B) 7.6
(6) 8.5 (D) 7.0 **[D]**

**23. 31 मार्च 2024 तक राजस्थान में सड़कों की लंबाई कितनी थी?**
(A) 3,10,325 किमी (B) 3,20,480 किमी
(C) 3,14,215 किमी (D) 3,17,121 किमी **[D]**

**24. यदि किसी भिन्न के अंश में 200% की वृद्धि की जाती है और भिन्न के हर में 150% की वृद्धि की जाती है, तो परिणामी भिन्न $\frac{9}{35}$ है, तो मूल भिन्न ___________ है।**

(A) $\frac{3}{14}$ (B) $\frac{3}{16}$

(C) $\frac{2}{7}$ (D) $\frac{2}{15}$ **[A]**

**25. सामंथा हार्वे ने निम्नलिखित में से किस उपन्यास के लिए 2024 का बुकर पुरस्कार जीता?**

(A) ऑर्बिटल (B) डियर थीफ थीफ

(C) द वेस्टर्न विंड (D) द वाइल्डरनेस **[A]**

**26. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने 1667 ई. में बंगाल में व्यापार के लिए अंग्रेजों को फरमान जारी किया था?**

(A) जहाँगीर (B) औरंगज़ेब

(C) बहादुर शाह - I (D) शाहजहाँ **[B]**

**27. कालीबंगा राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में किस नदी के बाएं या दक्षिणी तट पर स्थित है?**

(A) सरस्वती नदी

(B) घग्गर (घग्गर-हकरा) नदी

(C) सतलुज नदी

(D) दृषद्वती नदी **[B]**

**28. राजस्थानी भाषा किस भाषा परिवार से संबंधित है?**

(A) द्रविड़ियन (B) ऑस्ट्रोएशियाटिक

(C) वेस्टर्न इंडो-आर्यन (D) तिब्बती-बर्मन **[C]**

**29. एक आदमी अपने बेटे से 24 साल बड़ा है । दो साल बाद, उसकी उम्र उसके बेटे की उम्र से दोगुनी हो जाएगी । उसके बेटे की वर्तमान आयु है-**

(A) 14 साल (B) 20 साल

(C) 22 साल (D) 18 साल **[C]**

**30. राजस्थान की देशांतरीय सीमा कितनी है ?**

(A) 23°03′ उत्तर से 30°12′ उत्तर

(B) 69°30′ पूर्व से 78°17′ पूर्व

(C) 70°00′ पूर्व से 80°00′ पूर्व

(D) 68°07′ पूर्व से 97°25′ पूर्व **[B]**

**31. एक विद्युत बल्ब की रेटिंग 220 V और 100 W है। जब इसे 110V पर चलाया जाता है, तो खपत की गई बिजली होगी-**

(A) 75 W (B) 50 W

(C) 25 W (D) 100 W **[C]**

**32. राजस्थान में कौन-सी नीति का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहन के साथ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेश को आकर्षित करना है?**

(A) राजस्थान एमएसएमई नीति, 2024

(B) राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, 2024

(C) राजस्थान निर्यात नीति, 2024

(D) राजस्थान खनिज नीति, 2024 **[B]**

**33. राहुल ने अपनी घड़ी को टेबल पर इस तरह रखा कि शाम 6 बजे घंटे की सुई उत्तर की ओर इशारा करती है । रात 9.15 बजे मिनट की सुई किस दिशा में इशारा करेगी ?**

(A) दक्षिण-पूर्व (B) उत्तर

(C) पश्चिम (D) दक्षिण **[C]**

**34. नीति आयोग द्वारा 13 मार्च, 2024 को निम्नलिखित में से कौन-सी परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था और जमीनी स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है ?**

(A) ग्लोबल फॉर लोकल (B) मेक इन इंडिया

(C) वोकल फॉर लोकल (D) सेल्फ रिलायंट इंडिया **[C]**

**35. 10 कुर्सियों की कीमत 4 मेजों के बराबर है । 15 कुर्सियों और 2 मेजों की कीमत एक साथ 4,000 रुपये है। 12 कुर्सियों और 3 मेजों की कुल कीमत है**

(A) 3,500 रुपये (B) 3,840 रुपये

(C) 3,900 रुपये (D) 3,750 रुपये **[C]**

**36. बाल लिंग अनुपात की गणना आमतौर पर कैसे की जाती है ?**

(A) 0-6 वर्ष आयु वर्ग में प्रति 1,000 लड़कियों पर लड़कों की संख्या

(B) 0-14 वर्ष आयु वर्ग में प्रति 1,000 लड़कों पर लड़कियों की संख्या

(C) 0-14 वर्ष आयु वर्ग में प्रति 1,000 लड़कियों पर लड़कों की संख्या 1

(D) 0-6 वर्ष आयु वर्ग में प्रति 1,000 लड़कों पर लड़कियों की संख्या **[D]**

**37. दुनिया की तीसरी सबसे लंबी नदी, मिसिसिपी किस महाद्वीप में स्थित है?**

(A) यूरोप (B) एशिया

(C) उत्तरी अमेरिका (D) दक्षिण अमेरिका **[C]**

**38. एक संख्या अपने सातवें भाग से 84 अधिक है । संख्या है**

(A) 12 (B) 98

(C) 196 (D) 14 **[B]**

**39. स्वतंत्र भारत के अंतिम गवर्नर जनरल (1948 से 1950 तक) कौन थे?**

(A) लॉर्ड माउंटबेटन (B) जवाहरलाल नेहरू

(C) सी. राजगोपालाचारी (D) डॉ. राजेंद्र प्रसाद **[C]**

**40. राजस्थान की आहड़-बनास संस्कृति निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में खोजी गई थी ?**

(A) उदयपुर क्षेत्र (B) बीकानेर क्षेत्र

(C) जयपुर क्षेत्र (D) जोधपुर क्षेत्र **[A]**

**41. कथन "किसी पिंड के संवेग में परिवर्तन की दर पिंड पर लगाए गए बल के समानुपाती होती है तथा बल की दिशा में होती है" न्यूटन के गति के किस नियम का वर्णन करता है ?**

(A) न्यूटन का गति का दूसरा नियम

(B) न्यूटन का गति का तीसरा नियम

(C) न्यूटन का सार्वभौमिक गुरुत्वाकर्षण का नियम

(D) न्यूटन का गति का पहला नियम **[A]**

**42. एक परिवार में, पिता और माता की औसत आयु 35 वर्ष है। पिता, माता और उनके इकलौते बेटे की औसत आयु 27 वर्ष है । बेटे की उम्र ________ है।**

(A) 12 वर्ष (B) 15 वर्ष

(C) 10 वर्ष (D) 11 वर्ष **[D]**

**43. "एक वाहन, एक फास्टैग" पहल, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) _______ द्वारा से कार्यान्वित की गई ।**

(A) 1 अप्रैल, 2024 (B) 1 जनवरी, 2025

(C) 1 अप्रैल, 2025 (D) 1 जून, 2024 **[A]**

**44. महिलाओं के विरुद्ध सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर कन्वेंशन (CEDAW) को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा किस तिथि को अपनाया गया था?**

(A) 24 अक्टूबर, 1945
(B) 18 दिसंबर, 1979
(C) 1 जनवरी, 1980
(D) 10 दिसंबर, 1948 **[B]**

**45. कौन निर्धारित करता है कि एक माइक्रोप्रोसेसर एक बार में कितने बिट्स संभाल सकता है ?**

(A) वर्ड साइज़ (B) कैश साइज़
(C) स्पीड रेटिंग (D) ROM क्षमता **[A]**

**46. किस ऐतिहासिक स्मारक के लिये मकराना का संगमरमर उपयोग किया गया था ?**

(A) लाल किला (B) ताजमहल
(C) इंडिया गेट (D) कुतुब मीनार **[B]**

**47. (5967 – 2477 – 1910 ) ÷ ? = 27**

(A) 60 (B) 65
(C) 45 (D) 50 **[A]**


**48. किस प्रकार का माइक्रोप्रोसेसर एक ही समय में कई कार्य निष्पादित कर सकता है ?**


(A) मल्टी-कोर (B) सिंगल-कोर
(C) वन-बिट कोर (D) इनमें से कोई नहीं **[A]**



**49. राजस्थान में पर्यटन और सांस्कृतिक उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 4 दिसंबर 2024 को कौन-सी नई नीति लागू की गई ?**

(A) राजस्थान पर्यटन उत्कृष्टता नीति
(B) राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RTUP)
(C) राजस्थान संस्कृति में निवेश नीति
(D) राजस्थान पर्यटन विकास योजना **[B]**

**50. उस आकृति को पहचानें जो पैटर्न को पूरा करती है-**



(A)  (B) 

(C)  (D)  **[C]**

**51. 29 अप्रैल, 1954 को पंचशील समझौते पर औपचारिक रूप से किन दो नेताओं के बीच हस्ताक्षर किए गए थे ?**

(A) जवाहरलाल नेहरू और चाउ एन-लाई
(B) सरदार वल्लभभाई पटेल और देंग शियाओपिंग
(C) लाल बहादुर शास्त्री और झोउ एनलाई
(D) महात्मा गांधी और माओ-से-तुंग **[A]**

**52. अफ्रीका का सबसे बड़ा जलप्रपात, विक्टोरिया फॉल्स, किन दो देशों की सीमा पर स्थित है ?**

(A) जाम्बिया और जिम्बाब्वे
(B) कीन्या और तंज़ानिया
(C) मिस्त्र और सूडान
(D) दक्षिण अफ्रीका और बोत्सवाना **[A]**

**53. राजस्थान के कुंभलगढ़ किले को किस वर्ष यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था ?**

(A) 2015 (B) 2018
(C) 2013 (D) 2010 **[C]**

54. कौन-सा हार्मोन अग्न्याशय द्वारा उत्पादित होता है और रक्त शर्करा के स्तर को विनियमित करने में मदद करता है ?
(A) थायरोक्सिन (B) ईस्ट्रोजन
(C) इंसुलिन (D) वृद्धि हार्मोन [C]

55. राजस्थान में पहली महिला विधायक कौन थी ?
(A) कमला बेनीवाल (B) यशोदा देवी
(C) प्रतिभा पाटिल (D) वसुंधरा राजे [B]

56. निम्नलिखित में से किस देश ने ICC T20 विश्व कप 2024 पुरुष संस्करण की मेजबानी की?
(A) यू.एस.ए. और वेस्ट इंडीज
(B) इंग्लैंड और वेल्स
(C) भारत और श्रीलंका
(D) ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड [A]

57. दाईं ओर से मिलने वाली माही नदी की मुख्य सहायक नदी कौन-सी है?
(A) अनस (B) गोमा
(C) सोम (D) पनम [C]

58. 150 का 37% – 1000 का 0.05% = ?
(A) 50 (B) 55.5
(C) 55 (D) इनमें से कोई नहीं [C]

59. बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया था?
(A) 1976 (B) 1996
(C) 2006 (D) 1986 [D]

60. जयसमंद झील को इस नाम से भी जाना जाता है-
(A) गोविंद बल्लभ झील (B) फतेह झील
(C) स्वरूप झील (D) ढेबर झील [D]

61. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद न्यायसंगत और मानवीय कार्य स्थितियों और मातृत्व राहत का प्रावधान करता है?
(A) अनुच्छेद 39 (B) अनुच्छेद 42
(C) अनुच्छेद 43 (D) अनुच्छेद 40 [B]

62. एक शहर की जनसंख्या एक दशक में 1,75,000 से बढ़कर 2,62,500 हो गई। प्रति वर्ष जनसंख्या में औसत प्रतिशत वृद्धि है-
(A) 4.37% (B) 6%
(C) 8.75% (D) 5% [D]

63. राजस्थान का कथक नृत्य मुख्य रूप से किस घराने से जुड़ा है?
(A) लखनऊ घराना (B) जयपुर घराना
(C) ग्वालियर घराना (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं [B]

64. $1.\bar{6}$ को भिन्न के रूप में व्यक्त कीजिए।
(A) $\frac{16}{10}$ (B) $\frac{5}{3}$
(C) $\frac{16}{09}$ (D) इनमें से कोई नहीं [B]

65. किस अधिनियम के तहत कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना की गई थी?
(A) 1784 का पिट्स इंडिया एक्ट
(B) 1773 का रेगुलेटिंग एक्ट
(C) 1858 का भारत सरकार अधिनियम
(D) 1813 का चार्टर एक्ट [B]

66. राजस्थान में तेरह ताली नृत्य अक्सर किस लोक नायक के सम्मान में किया जाता है?
(A) पाबूजी (B) गोगाजी
(C) बाबा रामदेव (D) तेजाजी [C]

67. 100 पुस्तकों का क्रय मूल्य 60 पुस्तकों के विक्रय मूल्य के बराबर है। लाभ प्रतिशत ............... होगा।
(A) $66\frac{2}{3}\%$ (B) 66%
(C) $66\frac{3}{4}\%$ (D) $66\frac{1}{4}\%$ [A]

68. महाराणा कुंभा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं?
a. वे मेवाड़ के महाराणा मोकल के सबसे बड़े पुत्र हैं।
b. इतिहास उन्हें एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में याद करता है जिसने कभी कोई बड़ा युद्ध नहीं हारा।
(A) केवल कथन a सही है
(B) दोनों कथन a और b सही हैं
(C) दोनों कथन a और b गलत हैं
(D) केवल कथन b सही है [B]

69. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द आने वाले सौर विकिरण को संदर्भित करता है, जो शॉर्टवेव विकिरण के रूप में होता है?
(A) इन्सोलेशन (B) एल्बेडो
(C) संवहन (D) स्थलीय विकिरण [A]

70. एक कक्षा में, लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या से कुल संख्या का 12% अधिक है । लड़कों और लड़कियों का अनुपात है-
(A) 11 : 14 (B) 25 : 28
(C) 28 : 25 (D) 14 : 11 [A]

71. किस सम्राट ने 1637 में आना सागर झील की पैविलियन या बारादरी का निर्माण कराया था?
(A) अकबर (B) शाहजहाँ
(C) जहाँगीर (D) औरंगजेब [B]

72. कौन-सा स्टोरेज डिवाइस उच्च डेटा ट्रांसफर गति के लिए जाना जाता है?
(A) सॉलिड स्टेट ड्राइव (SSD)
(B) डिजिटल विडियो डिस्क (DVD)
(C) टेप ड्राइव
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं [A]

73. दो उम्मीदवारों के बीच एक कॉलेज चुनाव में, एक उम्मीदवार को कुल वैध मतों में से 55% वोट मिले। 15% वोट अवैध थे। यदि कुल वोट 15,200 थे, तो दूसरे उम्मीदवार को कितने वैध वोट मिले?
(A) 7106 (B) 8360
(C) 5814 (D) 6840 [C]


74. बकमिन्स्टरफुलरीन के एक अणु में क्या होता है?
(A) 20 षट्भुज और 12 पंचभुज
(B) 30 षट्भुज और 30 पंचभुज
(C) 60 षट्भुज और शून्य पंचभुज
(D) 12 षट्भुज और 20 पंचभुज [A]

**75. समीर और आनंद की वर्तमान आयु क्रमशः 5 : 4 के अनुपात में है। तीन साल बाद, उनकी आयु का अनुपात क्रमशः 11 : 9 हो जाएगा। आनंद की वर्तमान आयु वर्षों में क्या है?**
(A) 24 (B) 40
(C) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(D) 27 **[A]**

**76. ग्रेट बियर झील .............. में स्थित है।**
(A) कनाडा (B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) ग्रीनलैंड (D) रूस **[A]**

**77. FSSAI का पूर्ण रूप क्या है?**
(A) फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया
(B) फेडरल सिस्टम फॉर स्टैंडर्ड्स अक्रेडिटेशन इन इंडिया
(C) फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स ऑथोरिटी ऑफ़ इंडिया
(D) फ़ूड सिक्योरिटी एंड सैनिटेशन ऑथोरिटी ऑफ़ इंडिया **[C]**

**78. निम्नलिखित आकृति में त्रिभुज 'लड़कियों' को दर्शाता है, आयताकार 'खिलाड़ी' और वृत्त 'कोच' को दर्शाता है। आरेख का कौन-सा भाग उन लड़कियों को दर्शाता है जो खिलाड़ी हैं लेकिन कोच नहीं हैं?**




(A) P (B) R
(C) S (D) Q **[D]**

**79. इस प्रश्न में एक रेखांकित शब्द है जिसके बाद चार उत्तर विकल्प हैं। आप वह शब्द चुनेंगे जो रेखांकित शब्द का एक आवश्यक हिस्सा है।**
**भाषा**
(A) जीभ (B) लेखन
(C) शब्द (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

**80. यदि डेटा को अधिलेखित (over write) नहीं किया गया है तो हटाए गए डेटा को पुनर्प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है?**
(A) फ़ॉर्मेटिंग (B) अप्रयुक्त डिस्क स्थान
(C) रिकवरी टूल (D) एन्क्रिप्शन **[D]**

**81. माही नदी किस खाड़ी से होकर अरब सागर में गिरती है?**
(A) मन्नार की खाड़ी (B) खंभात की खाड़ी
(C) अदन की खाड़ी (D) कच्छ की खाड़ी **[B]**

**82. कौन-सी इकाई टेराबाइट (TB) से बड़ी है?**
(A) किलोबाइट (KB) (B) गीगाबाइट (GB)
(C) पेटाबाइट (PB) (D) मेगाबाइट (MB) **[C]**

**83. भारत का पहला भवाई नर्तक कौन था?**
(A) रुक्मिणी देवी (B) उदय शंकर
(C) मृणालिनी साराभाई (D) कृष्ण व्यास छंगानी **[D]**

**84. दो परीक्षा कक्ष A और B हैं। यदि 10 छात्रों को A से B में भेजा जाता है, तो प्रत्येक कमरे में छात्रों की संख्या समान है। यदि 20 उम्मीदवारों को B से A में भेजा जाता है, तो A में छात्रों की संख्या B में छात्रों की संख्या की दोगुनी है। कक्ष A में छात्रों की संख्या है-**
(A) 20 (B) 200
(C) 100 (D) 80 **[C]**

**85. एक विद्युत बल्ब 20 मिनट तक 0.25A धारा खींचता है। परिपथ में प्रवाहित होने वाले विद्युत आवेश की मात्रा क्या है?**
(A) 300 C (B) 30 C
(C) 5 C (D) 25 C **[A]**

**86. भड़ला सोलर पार्क कहाँ स्थित है?**
(A) उदयपुर (B) जोधपुर
(C) अजमेर (D) जयपुर **[B]**

**87. भारत-पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी जल समझौता किस वर्ष में में हुआ था?**
(A) 1965 (B) 1960
(C) 1955 (D) 1963 **[B]**

**88. रेटिना में प्रकाश के प्रति संवेदनशील कोशिकाएं होती है। वे प्रकाश पड़ने पर सक्रिय होकर क्या उत्पन्न करती हैं?**
(A) रासायनिक संकेत (B) विद्युत संकेत
(C) गर्मी (D) ध्वनि तरंगें **[B]**

**89. शुरुआती कंप्यूटरों में वैक्यूम ट्यूब की जगह किस तकनीक ने ली?**
(A) ट्रांजिस्टर (B) डायोड
(C) रेसिस्टर्स (D) LED **[A]**

**90. जय सिंह द्वितीय द्वारा लड़ी गई अंतिम लड़ाई कौन-सी थी?**
(A) गंगवाना का युद्ध (B) राजमहल का युद्ध
(C) पालखेड़ का युद्ध (D) हल्दीघाटी का युद्ध **[A]**

**91. निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है, फिर दोनों निष्कर्षों पर एक साथ विचार करें और तय करें कि उनमें से कौन-सा कथन में दी गई जानकारी से तर्कसंगत संदेह से परे है।**
**कथन: राष्ट्रीय मानदंड प्रति हजार जनसंख्या पर 100 बिस्तर है, लेकिन इस राज्य में अस्पतालों में प्रति हजार 150 बिस्तर उपलब्ध हैं।**
**निष्कर्ष :**
**I. हमारा राष्ट्रीय मानदंड उचित है।**
**II. राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली इस संबंध में पर्याप्त देखभाल कर रही है।**
(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(B) न तो I और ना ही II अनुसरण करता है
(C) I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(D) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है **[D]**

**92. बाड़मेर में तिलवाड़ा की खोज .................. ने की थी।**
(A) अमलानंद घोष (B) डॉ. वी. एन. मिश्रा
(C) बालकृष्ण थापर (D) रतन चंद्र अगरवाल **[B]**

**93. फिनोलफथेलिन सूचक क्षारीय विलयन में कौन-सा रंग देता है?**
(A) रंगहीन (B) नीला
(C) गुलाबी (D) लाल **[C]**

**94. 0.000033 ÷ 0.11 = ?**
(A) 0.003 (B) 0.0003
(C) 0.3 (D) 0.03 **[B]**

**95. कीर्ति स्तंभ राजस्थान के किस शहर में स्थित है?**
(A) उदयपुर (B) अजमेर
(C) चित्तौड़गढ़ (D) बीकानेर **[C]**

**96. फतेहपुर के युद्ध में जॉर्ज थॉमस को किसने हराया?**
(A) महाराजा जय सिंह द्वितीय
(B) सवाई प्रताप सिंह
(C) माधो सिंह प्रथम
(D) महाराजा राम सिंह द्वितीय **[B]**

**97. राजस्थान में वृक्षारोपण के लिए अगस्त 2024 में शुरू किए गए अभियान का शीर्षक क्या है?**
(A) मिशन ग्रीन राजस्थान (B) मिशन हरियालो राजस्थान
(C) वन महोत्सव राजस्थान (D) हरियाली अभियान **[B]**

**98. ऑपरेटिंग सिस्टम (OS) का कौन-सा घटक प्रोग्राम को चलाने के लिए मेमोरी आवंटन का प्रबंधन करता है?**
(A) मेमोरी मैनेजर
(B) एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर
(C) रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM)
(D) डिवाइस ड्राइवर **[A]**

**99. चूना पत्थर, संगमरमर और चाक किसके विभिन्न रूप है?**
(A) कैल्शियम कार्बोनेट (B) कैल्शियम सल्फेट
(C) हाइड्रोक्लोरिक एसिड (D) सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट **[A]**

**100. आशावादी खुशमिजाज है जैसे निराशावादी**
(A) उदास (B) तुच्छ
(C) मददगार (D) मतलबी **[A]**

**101. माइक्रोकंट्रोलर क्या है?**
(A) एक बड़ा कंप्यूटर (B) एक हाई-स्पीड मेमोरी
(C) एक सॉफ्टवेयर सिस्टम
(D) एक चिप पर सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU), रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM), रीड ओनलि मेमोरी (ROM) का संयोजन **[D]**

**102. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच की अंतर्राष्ट्रीय सीमा है?**
(A) भारत और पाकिस्तान (B) भारत और चीन
(C) भारत और बांग्लादेश (D) भारत और बर्मा **[B]**

**103. 14 अगस्त 2025 को सप्ताह का कौन-सा दिन है?**
(A) रविवार (B) गुरुवार
(C) शुक्रवार (D) बुधवार **[B]**

**104. स्वपोषी (Autotrophs) में क्या शामिल है?**
(A) हरे पौधे और कुछ बैक्टीरिया
(B) केवल बैक्टीरिया
(C) केवल हरे पौधे
(D) जानवर और कवक **[A]**

**105. पिछोला झील का निर्माण किसके शासनकाल में हुआ था?**
(A) महाराणा प्रताप
(B) महाराणा जय सिंह
(C) महाराणा फतेह सिंह
(D) महाराणा लाखा **[D]**

**106. वह संख्या, जो स्वयं को 17 बार जोड़ने पर 162 परिणाम देती है, वह है-**
(A) 7 (B) 10
(C) 9 (D) 8 **[C]**

**107. 20वीं पशुधन जनगणना के अनुसार, भारत की बकरियों की आबादी का कितना प्रतिशत राजस्थान में पाया जाता है?**
(A) 10.64% (B) 14.00%
(C) 8.43% (D) 12.47% **[B]**

**108. ALU का पूर्ण रूप क्या है?**
(A) एप्लीकेशन लॉजिक यूनिट
(B) एड्वान्सड लर्निंग यूनिट
(C) ऑग्ज़ीलियरी लॉजिक यूनिट
(D) अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट **[D]**

**109. यदि दक्षिण-पूर्व दिशा उत्तर हो जाती है, उत्तर-पूर्व दिशा पश्चिम हो जाती है और इसी तरह आगे भी। फिर पश्चिम दिशा क्या हो जाएगी?**
(A) उत्तर-पूर्व (B) दक्षिण-पश्चिम
(C) दक्षिण-पूर्व (D) उत्तर-पश्चिम **[C]**

**110. राजस्थान की पहली महिला राज्यपाल कौन थी?**
(A) इंदिरा गाँधी (B) वसुंधरा राजे
(C) प्रतिभा देवीसिंह पाटिल (D) मार्गरेट अल्वा **[C]**

**111. कंप्यूटर में टेक्स्ट डेटा दर्ज करने के लिए किस डिवाइस का उपयोग किया जाता है?**
(A) प्रिंटर (B) कीबोर्ड
(C) स्पीकर (D) मॉनिटर **[B]**

**112. श्रृंखला 6, 7, 15, 46, 185, ............ पूर्ण करें।**
(A) 926 (B) 925
(C) 924 (D) 920 **[A]**

**113. इकनॉमिक रिव्यू, 2024-25 के अनुसार राजस्थान के GSVA में किस क्षेत्र ने सबसे बड़ा योगदान दिया?**
(A) कृषि (B) उद्योग
(C) एमएसएमई (D) सेवाएँ **[D]**

**114. 15 मजदूर 7 दिनों में 35 बक्से भर सकते हैं। कितने मजदूर 5 दिनों में 65 बक्से भर सकते हैं?**
(A) 13 (B) 45
(C) 65 (D) 39 **[D]**

**115. निम्नलिखित में से कौन-सी उच्च-स्तरीय भाषा है?**
(A) पायथॉन (B) असेंबली
(C) हेक्साडेसिमल (D) मशीन कोड **[A]**

**116. भौतिक 3D ऑब्जेक्ट बनाने के लिए किस प्रकार के प्रिंटर का उपयोग किया जाता है?**
(A) डॉट मैट्रिक्स (B) लेज़रजेट
(C) 3D प्रिंटर (D) इंकजेट **[C]**

**117. किस तारीख को संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा सर्वसम्मति से 'बाल अधिकारों पर घोषणा' (Declaration of the Rights of the Child) को अपनाया गया था?**
(A) 20 अक्टूबर, 1949
(B) 10 दिसंबर, 1969
(C) 30 सितंबर, 1979
(D) 20 नवंबर, 1959 **[D]**

**118. राजस्थान में मेट्रो रेल का संचालन किस वर्ष में प्रारम्भ किया गया?**
(A) 2015 (B) 2016
(C) 2018 (D) 2014 **[A]**

**119. 2007 में राजस्थान के राज्यपाल बनने से पहले पाकिस्तान में भारत के सबसे लंबे समय तक राजदूत रहे थे-**
(A) कलराज मिश्र (B) ओम प्रकाश मेहरा
(C) मिलाप चंद जैन (D) शिलेन्द्र कुमार सिंह **[D]**

**(निर्देश: 120 से 121): निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?**

**120. 80, 10, 70, 15, 60, ?**
(A) 20
(B) 30
(C) 50
(D) 25 **[A]**

**121. 544, 509, 474, 439, ?**
(A) 404 (B) 420
(C) 445 (D) 414 **[A]**

**122. फ्लेमिंग के बाएँ हाथ के नियम के अनुसार, तर्जनी अंगुली किस दिशा में इशारा करती है?**
(A) धारा
(B) चुंबकीय क्षेत्र
(C) बल
(D) गति **[B]**

**123. भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम सूचीबद्ध कंपनियों और सार्वजनिक कंपनियों में महिला निदेशकों की नियुक्ति के लिए प्रावधान करता है?**
(A) भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872
(B) कंपनी अधिनियम, 2013
(C) माल की बिक्री अधिनियम, 1930
(D) परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 **[B]**

**124. श्रृंखला 3, 4, 13, 38, 87, ........... में अगली संख्या पहचाने।**
(A) 168 (B) 166
(C) 172 (D) 164 **[A]**

**125. इकनॉमिक रिव्यू, 2024-25 के अनुसार राजस्थान में WPI के अंतर्गत कितनी वस्तुएँ आती हैं?**
(A) 134 (B) 174
(C) 114 (D) 154 **[D]**


**126. नागरी सभ्यता की खुदाई डॉ. डी. आर. भंडारकर ने किस नदी के किनारे और राजस्थान के किस जिले में की थी?**
(A) घग्गर नदी, हनुमानगढ़ (B) बेढ़च नदी, चित्तौड़गढ़
(C) कटारी नदी, उदयपुर (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[B]**

**127. एक पिता ने अपने बेटे से कहा, "मैं तुम्हारे जन्म के समय तुम्हारी वर्तमान उम्र के बराबर था"। यदि पिता की उम्र अब 38 वर्ष है, तो पाँच वर्ष पहले बेटे की उम्र थी-**
(A) 14 वर्ष (B) 33 वर्ष
(C) 38 वर्ष (D) 19 वर्ष **[B]**



**128. पुर्तगालियों ने 1556 ई. में भारत में पहला प्रिंटिंग प्रेस कहाँ शुरू किया था?**
(A) कोच्चि (B) दमन
(C) गोवा (D) मुंबई **[C]**



**129. ऋणायन किसके द्वारा बनता है?**
(A) परमाणु द्वारा एक या अधिक इलेक्ट्रॉन की हानि
(B) परमाणु द्वारा एक या अधिक इलेक्ट्रॉनों का लाभ
(C) एक या अधिक प्रोटॉन की हानि
(D) इलेक्ट्रॉनों का साझाकरण **[B]**

**130. वह वैकल्पिक आकृति ज्ञात करें जिसमें आकृति (X) उसके भाग के रूप में हो।**



(X)

(A)  (B) 

(C)  (D)  **[C]**

131. अफ्रीकी महाद्वीप यूरोप से निम्नलिखित में से किस समुद्र द्वारा अलग होता है?
(A) लाल सागर (B) अरब सागर
(C) भूमध्य सागर (D) काला सागर [C]

132. राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की स्थापना ............. में हुई थी।
(A) 1957 (B) 1977
(C) 1956 (D) 1966 [A]

133. $\frac{(20^2-10^2)+5\times3+10}{\frac{1}{3}of\, 27+10+2+1}=?$
(A) $10\frac{2}{3}$ (B) 15
(C) $12\frac{2}{3}$ (D) $14\frac{1}{3}$ [*]

134. मानस वन्यजीव अभयारण्य कहाँ स्थित है?
(A) असम (B) अरुणाचल प्रदेश
(C) सिक्किम (D) पश्चिम बंगाल [A]

135. निम्नलिखित में से कौन एक सिस्टम एप्लीकेशन (system application) है?
(A) डिस्क डीफ्रेग्मेंटर
(B) गूगल क्रोम
(C) वीडियो लैन क्लाईट (VLC) प्लेयर
(D) व्हाट्सएप [A]

136. यदि granamelke का अर्थ big tree है, pinimelke का अर्थ little tree है और melkehoon का अर्थ tree house है, तो निम्नलिखित में से किस विकल्प का अर्थ big house होगा?
(A) granahoon (B) pinihoon
(C) melkegrana (D) pinishur [A]

137. राजस्थान में 1857 का विद्रोह सबसे पहले कहाँ शुरू हुआ था?
(A) जयपुर (B) उदयपुर
(C) जोधपुर (D) नसीराबाद [D]

138. अनुच्छेद 51A के अनुसार, माता-पिता या अभिभावकों पर उनके बच्चों के संबंध में क्या मौलिक कर्तव्य लगाया गया है?
(A) यह सुनिश्चित करना कि उनके बच्चे व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करें।
(B) अपने बच्चों को केवल सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाना।
(C) अपने बच्चों की शिक्षा को वित्तीय रूप से तब तक सहायता करना जब तक वे स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं कर लेते।
(D) 6 से 14 वर्ष की आयु के बीच अपने बच्चों /वार्डों को शिक्षा के अवसर प्रदान करना। [D]

139. राजस्थान में नेजा नृत्य किस त्यौहार में किया जाता है?
(A) दिवाली (B) गणगौर
(C) तीज (D) होली [D]

140. राजस्थान में कौन-सा विभाग विभिन्न राज्य सेवाओं में भर्ती के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है?
(A) श्रम विभाग (B) गृह मंत्रालय
(C) उद्योग विभाग (D) कार्मिक विभाग (DoP) [D]

141. 120 पुरुषों के पास 200 दिनों तक भोजन था । 5 दिनों के बाद, COVID के कारण 30 पुरुषों की मृत्यु हो गई। बचा हुआ भोजन अब ............. तक चलेगा।
(A) 150 दिन (B) 245 दिन
(C) 260 दिन (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं [C]

142. निम्नलिखित अक्षर पैटर्न को पूर्ण कीजिए :
FAG, GAF, HAI, IAH, ............
(A) JAK (B) HAK
(C) JAI (D) HAL [A]

143. राजस्थान में किस प्रकार का विधानमंडल है?
(A) द्विसदनीय (B) त्रिसदनीय
(C) एकसदनीय (D) इनमें से कोई नहीं [C]

144. निम्नलिखित में से कौन-सा एक द्वितीयक संग्रहण (Secondary Memory) डिवाइस है?
(A) रजिस्टर (B) कैश
(C) हार्ड डिस्क ड्राइव (D) रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM) [C]

145. केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में क्या शामिल होता है?
(A) केवल मस्तिष्क (B) मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी
(C) कपाल और रीढ़ की स्नायु (D) केवल रीढ़ की हड्डी [B]

146. एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए अनिल ने कहा "वह मेरे भाई के पिता की इकलौती बेटी का बेटा है।" अनिल का तस्वीर में दिख रहे व्यक्ति से क्या संबंध है?
(A) भतीजा (B) पिता
(C) मामा (D) भाई [C]

147. राजस्थान की निम्नलिखित में से कौन-सी योजना किसानों द्वारा अपने खेतों पर गुणवत्तापूर्ण बीजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए है?
(A) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना
(B) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
(C) किसान सम्मान निधि योजना
(D) मुख्यमंत्री बीज स्वावलंबन योजना [D]

148. सम्राट अकबर की संप्रभुता को स्वीकार करने वाला राजपूताना का पहला शासक कौन था?
(A) राणा सांगा (B) राव मालदेव
(C) राजा मान सिंह (D) राजा भारमल [D]

149. A, B, C के वेतन का अनुपात 2 : 3 : 5 है। यदि उनके वेतन में क्रमश: 15%, 10% और 20% की वृद्धि की जाती है, तो उनके वेतन का नया अनुपात क्या होगा?
(A) 3 : 3 : 10 (B) 23 : 33 : 60
(C) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(D) 10 : 11 : 20 [B]

150. कंप्यूटर सिस्टम क्या है?
(A) केवल एक मॉनिटर
(B) हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर वाला इलेक्ट्रॉनिक उपकरण
(C) एक प्रिंटर और स्कैनर
(D) केवल एक कीबोर्ड [B]

✦✦✦✦✦✦✦